1	2	3	4	5
18	उड़ीसा	52.87	100.20	80.52
19	पंजाब	16.40	47.52	15.33
20	राजस्थान	31.38	36.31	30.76
21	सिक्किम]	2.50	1.86	0.97
22	तमिलनाडु	52.29	63.66	69.84
23	त्रिपुरा	9.67	4.46	8.06
24	उत्तर प्रदेश	108.99	214.73	352.85
25	पश्चिमी बंगाल	36.84	59.59	57.27
26	अंडमान और निकोबार	1.11	0.62	1.43
27	दिल्ली	60.44	117.77	106.79
28	पांडिचेरी	5.11	7.77	4.07
	योग :	725.59	1224.64	1308.51

राष्ट्रीय वस्त्र निगम द्वारा भूमि और भवनों की बिक्री

4470. **श्री अजीत जोगी:**
श्री एस. एस. सुरजेवाला :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय वस्त्र निगम ने संसाधन जुटाने के लिये हाल ही में अपनी भूमि और भवनों को बेच दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसका एकक-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्य योजना तैयार की गई है ।

वस्त्र मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशनों ने एन टी सी. की मिलों के आधुनिकीकरण के लिये योजनायें तैयार की है। एन टी सी पर श्रम मंत्रालय की विशेष त्रिपक्षीय समिति ने अन्य बातों के साथ सिफारिश की है कि एन टी सी की मिलों तथा अधिग्रहीत मिलों को टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशनों द्वारा यथा प्रस्तावित आधुनिकीकरण के द्वारा सक्षम बनाया जा सकता है और यह कि एन टी सी मिलों की बेरगी भूमि तथा परिसंपत्तियों को बेचा जाय और उससे प्राप्त धन को प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण, कार्य-शील पूंजी आदि के लिये प्रयोग किया जाए । एन टी सी के लिये सर्वांगीण प्रकार की योजना सरकार के विचाराधीन है । चूंकि एन टी सी के 9 में से 8 सहायक निगमों के मामले बी आई एफ आर के पास भेजे गये है, सरकार द्वारा अनुमोदित किसी भी योजना को कार्यान्वयन से पूर्व बी आई एफ आर का अनुमोदन अपेक्षित होगा ।